## एक नज़र में

### श्रीफल नारियल के तीन पेड़ शुभ मुहूर्त में लगाए



**सरदारपुर।** मंगलवार दोपहर को वार्ड क्रमांक 13 पटेल कालोनी बस्ती के आमला लाईन में पेन्शनर्स संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष शैतानसिंह चौहान द्वारा श्रीफल नारियल के 3 पेड शुभ मुहूर्त में लगाए गए। चौहान ने बताया मुझे पर्यावरण से बहुत लगाव है। वर्षा ऋतु में माही मुक्तिधाम और धर्म स्थल परिसर में पौधारोपण कार्य होता आ रहा है। चौहान ने कहां पर्यावरण है तो जीवन है, पौधारोपण होने के बाद परवरिश का विशेष ध्यान रखना पड़ता है। इस मौके पर पशु चिकित्सक के सुन्दरलाल वर्मा, लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त सुरेन्द्र गौंड, पार्षद रामेश्वर मारु, बबलू मारु आदि उपस्थित थे।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गी के बयान की निंदा, पुतला फुका



**टांडा धार ।** इंदौर में सरकार की लापरवाही के कारण दूषित पानी पीने से हुई हृदयविदारक घटना में 16 लोगों की मौत हो जाना और सरकार में जिम्मेदार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आपत्तिजनक बयान देना निंदनीय है, ब्लॉक कांग्रेस टांडा अध्यक्ष पवन ठाकुर के नेतृत्व में विरोध स्वरूप पुतला दहन एवं दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति माहेश्वरी, अशोक माझी प्रदेशकांग्रेस कमेटी,चितु सरपंच, मुकाम सिंह अलावा, प्यार सिंह भूरिया सरपंच, सोहन डावर सरपंच नारवाली,तेनु भूरिया डोबनी सरपंच,शैतान सरपंच,राकेश अलावा,महेंद्र सिंह मंडलोई काटी,रागन भाबर, अरुण गातला, राजू डावर परेठा, पंगु सिंगार गेटा,ठाकुर अलावा कालीदेवी, दिलीप मेहदा कालीदेवी,सागर पीपलज,प्रिंस ठाकुर टांडा,अंतिम प्रजापत टांडा,रोहित बघेल टांडा, सुजल प्रजापत,बंटी माझी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे

### तिल चतुर्थी पर भगवान गणेशजी का अभिषेक कर पूजा अर्चना की



**बदनावर।** श्री चिंतामन गणेश मंदिर में मंगलवार को माघ माह महीने की तिल चतुर्थी और अंगारिका चतुर्थी के शुभ संयोग के अवसर पर भगवान गणेश जी एवं माता सिद्धि बुद्धि का आकर्षक श्रंगार कर अभिषेक किया गया। बड़ी चतुर्थी होने से दिनभर भक्त लोगों के दर्शन करने का सिलसिला लगातार जारी रहा। मंदिर को विद्युत सज्जा दी गई प. श्याम सिद्ध द्वारा पंचामृत दुध,पानी,दही,शहद,घी से भगवान को सिंदूरी रूप में चोला चढ़ाया गया। प. प्रदीप सिद्ध द्वारा गणेश अथर्वशिष्ट मंत्रोच्चार किया गया। अभिषेक का लाभ पाठक परिवार के सुषमा राजेश पाठक ने लिया गया। अभिषेक पश्चात महा आरती की गई एवं तिल के बने लड्डू की प्रसादी वितरण की गई।

### सिम्बायोसिस ने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन शुरू किए

इंदौर. सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने अपने फुल-टाईम अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए सेट 2026 (सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट) और एसआईटीईईई 2026 (सिम्बायोसिसइंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम) के लिएरजिस्ट्रेशन शुरू दिए हैं. इच्छुक छात्र 15 अप्रैल तक इन परीक्षाओंके लिए आवेदन कर सकते हैं. दोनों कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट हैं, जिनका संचालनसिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा कई अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए किया जाता है. इनके ज़रिए छात्र सिम्बायोसिस संस्थानोंमें बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश पा सकते हैं. उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज़्यादा स्कोर के आधारपर परसेंटाइल की गणना की जाती है. दोनों परीक्षाओं मेंतीन से चार सेक्शन्स में 60 बहु-विकल्पी सवाल पूछे जाते हैं, जिसमेंनेगेटिव मार्किंग नहीं होती.

### पीएनबी मेटलाइफ की शिवालिक बैंक से साझेदारी

इंदौर. पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) ने शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी का ऐलान किया है. इस साझेदारी का उद्देश्य अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बीमा की सुविधा पहुँचाना है. इस करार के जरिए शिवालिक बैंक के करीब 10 लाख मौजूदा और संभावित ग्राहकों को पीएनबी मेटलाइफ के सेविंग्स, प्रोटेक्शन और रिटायरमेंट से जुड़े जीवन बीमा प्लान्स का लाभ मिलेगा. पीएनबी मेटलाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ समीर बंसल ने कहा हमें शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ जुड़कर बेहद खुशी हो रही है. इस साझेदारी के जरिए हम भारत के ग्रामीण और कम सुविधा वाले क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा परिवारों को जीवन बीमा की सुरक्षा दे सकेंगे.

### सैमसंग एआई संचालित अनुभवों की श्रृंखला पेश करेगा

इंदौर. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स भविष्य की तकनीक की दिशा तय करने वाले अपने 'विज़न 2026' को दुनिया के सामने रखने के लिए तैयार है. दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित प्रदर्शनी कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) में कंपनी अपनी 'डिवाइस एक्सपीरियंस डिवीजन' के तहत एआई-संचालित अनुभवों की एक नई श्रृंखला पेश करेगी. सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने इस आगामी इवेंट को लेकर कहा सैमसंग के एआई उपकरण आज एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़े हैं. ये अब केवल मशीनें नहीं, बल्कि आपके जीवन के साथी हैं, जो आपकी आदतों को गहराई से समझते हैं

# ग्राम पिटगारा में घोड़ारोज़ का कहर, फसलें तबाह, वन विभाग को भेजी जाएगी सूचना

**बदनावर । तहसील के ग्राम पिटगारा में घोड़ारोज़ नामक वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों से किसान गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। खेतों में घुसकर ये जानवर गेहूं, चना, मटर, प्याज और लहसुन की खेती को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों का कहना है कि जहां भी घोड़ारोज़ का झुंड पहुंचता है, वहां पूरी खेती उजड़ जाती है और महीनों की मेहनत कुछ ही समय में नष्ट हो जाती है। लगातार हो रहे नुकसान से गांव में चिंता का माहौल बना हुआ है।**



ग्रामीणों के अनुसार घोड़ारोज़ मुख्य रूप से रात के समय खेतों की ओर आते हैं। फसलों को रौंदते हुए वे पौधों को उखाड़ देते हैं और जमीन को खोदकर सिंचाई व्यवस्था को भी प्रभावित कर देते हैं। कई खेतों में दोबारा बोवनी की स्थिति नहीं बची है। इससे किसानों को आर्थिक दबाव और मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। तैयार होती फसल बर्बाद होने से उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है।

किसान गजपाल सिंह पंवार, नीरज सिंह डोड़ीया और सुर्यप्रताप सिंह तंवर ने बताया कि पहले ग्राम पिटगारा और आसपास के इलाकों में इस प्रकार की समस्या नहीं थी। उनके अनुसार पिछले एक-दो वर्षों से घोड़ारोज़ की आवाजाही अचानक बढ़ गई है। पहले ये वन्यजीव सीमित क्षेत्रों तक रहते थे, लेकिन अब लगातार खेतों की ओर रुख कर रहे हैं। फसल बचाने के लिए किसानों को रात-रात भर खेतों में निगरानी करनी पड़ रही है, इसके बावजूद नुकसान पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

किसानों का कहना है कि खेती ही उनकी आय का मुख्य साधन है। बीज, खाद, दवा और मजदूरी पर भारी खर्च करने के बाद जब फसल नष्ट हो जाती है तो परिवार की आर्थिक स्थिति डगमगा जाती है। लगातार हो रहे नुकसान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है और खेती को लेकर अनिश्चितता का माहौल बन गया है। कई खेतों में फसल पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।

> इस विषय पर जब बदनावर एसडीएम से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि यह मामला वन विभाग के अंतर्गत आता है। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन द्वारा इस संबंध में वन विभाग को सूचना दी जाएगी। जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करेंगे और घोड़ारोज़ सहित अन्य वन्यजीवों को पकड़कर सुरक्षित रूप से पुन: उनके प्राकृतिक जंगल क्षेत्रों में छोड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की परेशानी को गंभीरता से लिया जा रहा है। ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि वन्यजीवों की आवाजाही रोकने के लिए ठोस और स्थायी समाधान किया जाए। खेतों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था, निगरानी और आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसानों को इस प्रकार की स्थिति का सामना न करना पड़े।
>
> ग्राम पिटगारा के किसान अब प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि समय रहते ठोस पहल की जाएगी, जिससे खेत सुरक्षित रह सकें और उनकी मेहनत व्यर्थ न जाए।

# दूषित जल से 16 मौतों पर कांग्रेस का आक्रोश, बदनावर में श्रद्धांजलि व घंटानाद

**बदनावर । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी के मार्गदर्शन में इंदौर शहर में दूषित पेयजल आपूर्ति से 16 नागरिकों की असामयिक मृत्यु की हृदयविदारक घटना के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बदनावर द्वारा आज श्रद्धांजलि तथा प्रतिरोध कार्यक्रम आयोजित किया गया,**



जिसमें कांग्रेसजनों ने इसे प्रदेश शासन की गंभीर चूक बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और जनजीवन से जुड़े जल प्रबंधन में बरती गई अनदेखी को अस्वीकार्य करार दिया; कार्यक्रम के दौरान दिवंगत आत्माओं को नमन करते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं ने घंटा बजाकर प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ आवाज बुलंद की, वहीं इस संवेदनशील मुद्दे पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के वक्तव्य को मानवीय मूल्यों के प्रतिकूल बताते हुए उसकी तीखी निंदा की गई तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं संबंधित मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल पद छोड़ने की मांग रखी गई।

कांग्रेस नेतृत्व ने कहा कि सुरक्षित जल जैसी बुनियादी सुविधा में चूक सीधे नागरिकों के प्राणों पर प्रहार है, इसलिए दोषियों की जवाबदेही तय कर ठोस सुधारात्मक कदम उठाना अनिवार्य है, अन्यथा पार्टी जनहित में चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी; रहे, जिन्होंने एक स्वर में कहा कि आमजन की सुरक्षा, स्वच्छ जल और जवाबदेह शासन के लिए संघर्ष निरंतर जारी रहेगा और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने तक आवाज थमेगी नहीं।

#### ठोस तंत्र लागू करने की मांग दोहराई गई

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा शासन का प्रथम दायित्व है और इस दिशा में लापरवाही किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी, साथ ही पारदर्शी जांच, शुद्ध जल आपूर्ति की तत्काल व्यवस्था तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस तंत्र लागू करने की मांग दोहराई गई; आयोजन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिनारायण सिंह बखतगढ़, ब्लॉक अध्यक्ष निरंजन सिंह पंवार, अशोक डाबर, युवक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन नांदेड़, धनपाल सिंह शक्तावत, संदीप सिंह चंद्रावत, कंवरलाल पाटीदार, जिला महासचिव यशवर्धन सिंह, प्रकाश निनामा, राधेश्याम भूरिया, देव हरड़, धीरज सिंह राठौड़, पिरु सरपंच, बाबू खदेड़ा, संदीप चौधरी, पंकज काबरा, भारत मुनिया, अशोक भूरिया सहित कांग्रेस परिवार के सैकड़ों कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि मौजूद

### वर्ष 2025 बीमा में ग्राहक-केंद्रित सुधारों का साक्षी रहा

इंदौर. वर्ष 2025 भारतीय बीमा क्षेत्र में कुछ ऐसे लैंडमार्क ग्राहक-केंद्रित सुधारों का साक्षी रहा, जो जीवन बीमा को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा का मुख्य आधार बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे. इस वर्ष की शुरुआत सरेंडर वैल्यू नियमों में हुए सकारात्मक बदलावों से हुई, जिसके बाद जीएसटी छूट और बीमा सुगम पोर्टल की शुरुआत जैसे कदमों ने इस क्षेत्र के विकास पथ को और अधिक सुदृढ़ बनाया है. यह कहना हैं कमलेश राव, चेयरपर्सन - इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी का. वर्तमान में जीवन बीमा की मांग मुख्य रूप से सुरक्षा, एन्यूटी और बचत उत्पादों के इर्द-गिर्द केंद्रित है. जैसे-जैसे भारतीय परिवार अपनी वित्तीय प्राथमिकताओं में सुरक्षा और रिटायरमेंट समाधानों को ऊपर रख रहे हैं, वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में इन उत्पादों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी.




### लोटस इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों के लिए सदैव अग्रणी

**नागदा ।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल, सादलपुर अपने नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव अग्रणी रहा है। नए शैक्षणिक वर्ष में विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों और विद्यार्थियों के हित में तीन ऐतिहासिक निर्णय लेकर शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है! गत वर्ष में फसल पर मौसम की मार व बाजार का उतार-चढ़ाव की जानकारी मिलने पर आगामी वर्ष (2026-27) में किसी भी प्रकार की ट्यूशन फीस में वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया गया है,जिससे हमारे किसान परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी । साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए प्री-नर्सरी में पूर्णतः निःशुल्क प्रवेश , निशुल्क बस सुविधा आदि की घोषणा कर शिक्षा को हर घर तक पहुँचाने का सराहनीय प्रयास किया गया है।

इसके अतिरिक्त, बोर्ड परीक्षा में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को फ्लाइट द्वारा कश्मीर या गोवा भ्रमण कराया जाएगा, जिससे बच्चों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ेगा! ये निर्णय लोटस इंटरनेशनल स्कूल की दूरदर्शी सोच, सामाजिक दायित्व और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं ! नवीन घोषणा से अभिभावक गण में हर्ष का माहौल है! सभी ने इस निर्णय की प्रशंसा की है !

# ब्लॉक व युवक कांग्रेसियों ने पुतला दहन कर जताया विरोध

**सरदारपुर ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधायक प्रताप ग्रेवाल ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी के निर्देशानुसार पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को अमझेरा में अंबेडकर चौराहे पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध स्वरूप पुतला दहन किया गया एवं हादसे में मृत नागरिकों के परिजनों को एक-एक करोड रुपए की सहायता राशि प्रदान करने एवं निष्पक्ष जांच करते हुए न्याय देने की मांग की ।



पुतला दहन करते समय प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमझेरा भेरू सिंह बडगोता, जिला किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष चंद्र सिंह पटेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि कमलेश जी , राम केवट जी,दीपक पटेल जी , बाबू सिंह पटेल मोरगाव , कैलाश भायल जी , मारोल सरपंच गोपाल जी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थितरहे।

### दाताहरी पब्लिक स्कूल के निमिष परमार का राष्ट्रीय हैंडबॉल के लिए चयन

**कुक्षी।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान डीपीएस के विद्यार्थी निमिष सुरेंद्र परमार ने खेल जगत में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। निमिष का चयन राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में आयोजित होने वाली 69 वीं राष्ट्रीय शालेय हेंडबॉल प्रतियोगिता अंडर-14 के लिए चयन हुआ ।5 जनवरी से 8



जनवरी तक आयोजित होने वाली टीम के कोच गौरव कर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि निमिष परमार जिनका चयन इस वर्ग में वें इंदौर संभाग के एक मात्र खिलाड़ी है जो राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। निमिष की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रेसिडेंट महेंद्र सेठजी गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेंद्रजी गुप्ता, सेक्रेटरी बाबूलालजी गुप्ता एवं प्राचार्या दर्शिनी पाटीदार सहित समस्त स्टाफ ने निमिष को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर — युवा वर्ग के लिए प्रेरक बनेंगे

# स्वास्थ्य केंद्र भरावदा में आठवां नेत्र रोग शिविर

**सरदारपुर ।आपने अक्सर देखा या सुना होगा कि आज के युवा अपने जन्मदिन पर पाश्चात्य सस्कृति से प्रभावित होकर केक काटना व अपने मित्रो के साथ मिलकर बडी होटलो में शराब कबाब की पार्टी करते देखा होगा,परंतु आज के युग मे ऐसे भी हमारे देश ऐसे युवा है फैशन व आधुनिक,इंटरनैट की दुनिया मे रहते हुए भी दुसरे के दुःख को अपना दुःख समझते हुऐ,अपनी खुशी का इजहार उन गरीब,निसहाय दरिद्र नारायण के बीच करते है , ऐसे लोग हमारे देश व समाज की सौभा बडाते है।**




आज हम आपको आज 21वी सदी के युवा की बात कर रहे है अपने मित्रो के जन्मदिन शादी विवाह व अन्य शुभ कार्यक्रमो पर पर्यावरण संरक्षण की अनुठी मिशाल लिए पौधे भेट करते है।

जी हा आज उस युवा की बात कर रहा हु,कि मध्यप्रदेश के सरदारपुर तहसील के भरावदा निवासी एक मध्यम वर्ग किसान का बेटा जो कि बहुत ही कम बोलने वाले सहज सरल स्वभाव की सादगी लिये बचपन से ही समाज सेवा व पर्यावरण संरक्षण के प्रति बचपन से झुकाव व प्रेम रहा ।

आज वह सहज सरल व गंभीर स्वभाव का युवा अर्जुन हाडा भरावदा की बात कर रहे है ।

अपने जन्मदिन गत आठ वर्ष से गरीब बुडे बुजुर्गो को आंखे खराब हो चुकी है जिनके जीवन मे अंधेरा छा गया है नेत्र शिविर आयोजित कर उनके जीवन मे रोशनी देने की कोशिश कर रहे है । आज हमारे समाज देश के हर युवा की लौधा अर्जुन हाडा से प्रेरित होकर समाज देश के लिए जनहित के कार्य करने लगे तो समाज मे फैली हर बडी व गंभीर समस्या से हम निजात पा सकते है हमे शासन की योजना की तरफ मुँह नही ताकना नही पडेगा।



#### मरीजों को इंदौर निशुल्क भेजा जाएगा

कल दिनांक 8 जनवरी 2026 गुरुवार, समय 10 बजे से भरावदा मे जन्मदिन पर नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है ,स्वास्थ्य केन्द्र के ब्लाक मेडिकल नेत्र रोगी का परिक्षण सहायक नेत्र चिकित्सक प्रियंका साधु द्वारा परिक्षण कर मरीजों को शंकरा आई सेंटर इंदौर नि:शुल्क भेजा जायेगा ।इस नेत्र शिविर मे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भरावदा का विशेष योगदान रहा ।इस अवसर पर क्षेत्र के सभी सम्मानित गणमान्यो मौजदूगी में अर्जुन हाडा अपना जन्मदिन मनाकर आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरक बनेंगे ।